**फूड एक्सपो** | **आईआईए भवन में तीन दिवसीय फूड एक्सपो का समापन**

# नए उद्यमियों को मिली पहचान, तलाशे ग्राहक

**माई सिटी रिपोर्टर**

लखनऊ। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में संभावनाओं से लोगों को परिचित कराने के साथ, नए उद्यमियों को मंच देने और ग्राहक तलाशकर इंडियन फूड एक्सपो का रविवार को समापन हो गया।

गोमतीनगर स्थित आईआईए भवन में तीन दिन तक चले एक्सपो में प्रदेश के युवा उद्यमियों ने उत्पाद प्रदर्शित कर अपने लिए ग्राहक भी तलाशे। आयोजकों का दावा है कि तीन दिन में छह हजार लोग आए और नेटवर्किंग बढ़ाने के साथ बिजनेस की संभावनाओं पर काम किया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल व राज्य मंत्री सतीश शर्मा थे। अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक पुरस्कार एसेंस बनाने वाले उद्यमी को दिया। दूसरा पुरस्कार मसाला कंपनी को मिला और तीसरे स्थान पर रचनात्मक उद्योग से जुड़ी कंपनी के उद्यमी रहे। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल के अलावा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग समिति के अध्यक्ष दीपक बजाज ने कहा, आगे भी हम सेतु का काम करेंगे।



फूड एक्सपो में प्रदर्शनी को देखते राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल। -संवाद

## उद्यमियों ने कहा

सादिया शेख ने कहा, अपने उत्पाद, कंपनी को बड़े मंच पर लाने का मौका मिला। कई सौदे हुए। विशाल शर्मा ने कहा, प्रदर्शकों के बीच जब हम उत्पाद लाते हैं तो लोगों को काम को विस्तार देने की बात समझ आती है। उम्मीद है कि इस एक्सपो से हम स्थायी ग्राहक जरूर बना पाएंगे।